
# (मेडिकल) गर्भ समापन फैक्टशीट




asap
Asia Safe Abortion Partnership

# चिकित्सकीय (मेडिकल) गर्भ समापन क्या है?

चिकित्सकीय (मेडिकल) गर्भ समापन एक दवा या दवाओं के मिश्रण के माध्यम से गर्भावस्था को समाप्त करना है।

# चिकित्सकीय (मेडिकल) गर्भ समापन कितना सुरक्षित है?



बहुत सुरक्षित है! मेडिकल गर्भ समापन के जोखिम बहुत ही कम हैं। और पूरे समय तक गर्भावस्था को बनाए रखने के जोखिमों या अनचाहे गर्भधारण को समाप्त करने के लिए आप जिस भी किसी अन्य तरीके का सहारा लेते हैं, उसके मुक़ाबले काफी कम हैं। यदि 100 महिलाएं पहले 12 हफ्तों में गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए मेडिकल गर्भ समापन की गोलियों का उपयोग करती हैं, तो 5 से कम को ही किसी भी जटिलता के कारण आगे चिकित्सा (मेडिकल) देखभाल की ज़रूरत पड़ती है।



# चिकित्सकीय (मेडिकल) गर्भ समापन के लिए कौन सी दवाओं का उपयोग किया जाता है?

मेडिकल गर्भ समापन के लिए सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली दवाएं निम्नलिखित हैं:

मिफेप्रिस्टोन, एक एंटी-प्रोजेस्टोजन दवा है जो पहले ली जाती है, और

मिसोप्रोस्टोल, एक प्रोस्टाग्लैंडीन दवा है जो उसके 24-48 घंटों के बाद ली जाती है।

मिफेप्रिस्टोन गर्भ को बढ़ने से रोकती है और उसे गर्भाशय की भीतरी दीवार से अलग करती है। मिसोप्रोस्टोल से गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) नरम हो जाती है और यह गर्भाशय को सिकोड़ने-फैलाने (कांट्रैक्ट) का काम करती है, जिसके परिणाम स्वरूप गर्भाशय की सामग्री शरीर से बाहर निकल जाती है। यह प्रक्रिया एक प्राकृतिक गर्भ समापन की तरह होती है।

कुछ मामलों में, जहाँ मिफेप्रिस्टोन उपलब्ध नहीं है, मेडिकल गर्भ समापन के लिए अकेले मिसोप्रोस्टोल का इस्तेमाल किया जा सकता है।

# गर्भावस्था के दौरान, मैं किस समय मेडिकल गर्भ समापन का लाभ उठा सकती हूँ?

डब्ल्यूएचओ के मार्गदर्शन के अनुसार, मेडिकल गर्भ समापन एकदम आरंभिक गर्भावस्था से लेकर, माहवारी के पहले दिन से गिनकार, गर्भावस्था में 24 सप्ताह तक किया जा सकता है। हालाँकि, गर्भावस्था के प्रत्येक अलग-अलग चरणों के लिए दवाओं की खुराक अलग-अलग होती है। 12 सप्ताह से ऊपर का मेडिकल गर्भ समापन एक स्वास्थ्य सेवा प्रदाता की देखरेख में क्लिनिक में किया जाना चाहिए।



# मैं फॉलो अप कब करूँ?

यदि आप चिकित्सा (मेडिकल) देखरेख में हैं, तो कृपया फॉलो अप के लिए दवा लेने के 14 दिनों के बाद अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के पास वापस जाएँ। स्वास्थ्य सेवा प्रदाता पुष्टि करेंगे कि आपका गर्भ समापन सफल हो गया है और आपको और इलाज / उपचार की आवश्यकता है या नहीं।

# किसका चिकित्सकीय (मेडिकल) गर्भ समापन नहीं हो सकता है?

यह बहुत ही कम होता है कि आरंभिक गर्भावस्था में मेडिकल गर्भ समापन नहीं किया जा सकता है, जब तक कि निम्न न हो:

- आपके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को संदेह है कि गर्भावस्था अस्थानिक (एक्टोपिक) हो सकती है
- आपको मिफेप्रिस्टोन या मिसोप्रोस्टोल से एलर्जी है
- आपको ऐसी बीमारी या ऐसी स्थिति है जो खून के थक्के बनने (जमने) की क्षमता को प्रभावित करती है
- आप खून के पतले होने की दवा ले रही हैं
- आप पुराने अस्थमा, गठिया या अन्य एलर्जी आदि के इलाज के लिए इस्तेमाल होने वाले स्टेरॉयड पर हैं

यदि किसी महिला ने आईयूडी लगा रखी है, तो मेडिकल गर्भ समापन से पहले उस डिवाइस को निकाल दिया जाना चाहिए।

# क्या चिकित्सकीय (मेडिकल) गर्भ समापन से भविष्य में मेरी बच्चा पैदा करने की क्षमता पर कोई असर पड़ेगा?

मेडिकल गर्भ समापन का भविष्य में आपकी बच्चा होने की क्षमता पर कोई असर नहीं पड़ता है! इसके लिए हमारी कही बात को न मानें, यहाँ एक अध्ययन है जिसे आप पढ़ सकती हैं!



# पहली तिमाही के गर्भ समापन के आम हानिकारक प्रभाव क्या हैं, और मैं उन्हें कैसे संभाल सकती हूँ?

## रक्तस्राव (ब्लीडिंग)

केवल मिफेप्रिस्टोन के उपयोग के बाद भी, आम तौर जितने पैड लगते हैं उसकी तुलना में अधिक सैनिटरी पैडस के साथ तैयार रहना बेहतर है। रक्तस्राव आम तौर पर भारी माहवारी रक्तस्राव की तरह ही होता है और साथ में कुछ थक्के निकलते हैं।

## दर्द और ऐंठन

घर पर, दर्द से निपटने के लिए गर्म पानी की बोतल या हीटिंग पैड का उपयोग किया जा सकता है या गर्म पानी से स्नान करके निपटा जा सकता है। कोई भी दर्द निवारक दवा ले सकती हैं जो आप आम तौर पर माहवारी के दर्द के लिए लेती हैं या आप पेरासिटामोल या मेफेनैमिक एसिड, इबुप्रोफेन दवाओं के परिवार से कोई दवा ले सकती हैं। व्यस्त रहना और ध्यान बँटाना भी एक तरीका है।



## ठंड लगना और बुखार

मिसोप्रोस्टोल लेने के बाद शायद ही कभी हल्की ठंड और ताप (बुखार) बढ़ सकता है, और आम तौर पर यह लगभग दो घंटे तक रहता है और यह कोई गंभीर हानिकारक प्रभाव नहीं है और न ही इसके लिए गर्म कंबल के अलावा किसी भी इलाज की आवश्यकता होती है।

## उल्टी / मतली

कुछ महिलाओं को हल्के से गंभीर मतली का अनुभव हो सकता है। हल्का खाना खाने और तरल पदार्थों का भरपूर सेवन करने से मदद मिलेगी। यदि दवा की खुराक खाने के आधे घंटे के भीतर आप उल्टी करती हैं, तो दवा को फिर से लेना होगा। गंभीर लक्षणों के लिए, आप उल्टी / मतली को कम करने की दवा के लिए एक चिकित्सा प्रदाता से संपर्क कर सकती हैं।

# चिकित्सकीय (मेडिकल) गर्भ समापन के बाद मुझे किन परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है?

## बहुत अधिक रक्तस्राव (ब्लीडिंग)

बहुत ही दुर्लभ मामलों में, महिलाओं को गंभीर गर्भाशय (यूटेराइन) रक्तस्राव का अनुभव हो सकता है। गंभीर रक्तस्राव को निम्नलिखित रूप से परिभाषित किया गया है:

- एक घंटे के भीतर दो मोटे सैनिटरी पैड भीग जाते हैं,
- और यह लगातार दो घंटे तक होता रहता है।

यदि आपको भारी रक्तस्राव का अनुभव हो तो आपको अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करना चाहिए। इस बीच में, खनिजों के नुकसान की भरपाई करने के लिए बहुत सारे तरल पदार्थ पीते रहना चाहिए।

## संक्रमण (इन्फेक्शन)



हालाँकि, ठंड लगना और हल्का ताप (बुखार) बढ़ना दवा का एक हानिकारक प्रभाव है, यदि आपको निम्न हो:

- 100.4 F (38.00 C) से अधिक बुखार हो जाये, जो चार घंटे से अधिक समय तक बना रहे,
- मिसोप्रोस्टोल का कोर्स शुरू करने के बाद बुखार आना शुरू हो जाये,

तो, आपको तुरंत अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से संपर्क करना चाहिए।

# चिकित्सकीय (मेडिकल) गर्भ समापन के बाद कितने समय में मैं यौन संबंध बना सकती हूँ?

जब तक रक्तस्राव पूरी तरह से बंद न हो जाए, तब तक आपको योनि प्रवेश वाले (पेनेट्रेटिव) सेक्स के लिए इंतज़ार करना चाहिए, जिसमें 10 दिन तक लग सकते हैं। हालाँकि, यह कहने की ज़रूरत नहीं है कि आपको यौन गतिविधि फिर से तब शुरू करनी चाहिए जब आप इसके लिए तैयार महसूस करें! यह याद रखें कि आप तुरंत गर्भधारण कर सकती हैं इसलिए सुरक्षित और प्रभावशाली गर्भ निरोधक का इस्तेमाल ज़रूर करें।

## 12 सप्ताह (या 84 दिनों) से कम की गर्भावस्था के मेडिकल गर्भ समापन के लिए उपचार का तरीकाः



9 सप्ताह (63 दिन) तक के लिए

- मिफेप्रिस्टोन या मिसोप्रोस्टोल

7 सप्ताह (49 दिन) से अधिक नहीं होने पर

- एक खुराक - 2-5 मिसोप्रोस्टोल 800 माइक्रोग्राम, योनि में, गाल में दबाकर (बुक्कल) या जीभ के नीचे रखकर

या

- मिसोप्रोस्टोल 400 माइक्रोग्राम की एक खुराक, मिफप्रिस्टोन लेने के 24-48 घंटे बाद उपयोग करें

## 9-12 सप्ताह (63-84 दिन)

- मिसोप्रोस्टोल 800 माइक्रोग्राम, फिर उसके बाद 400 ग्राम, योनि द्वारा, फिर योनि या जीभ के नीचे रखकर
- हर 3 घंटे में 5 खुराक तक
- मिफेप्रिस्टोन लेने के 36-48 घंटे बाद शुरू करें

## केवल मिसोप्रोस्टोल

- 800 माइक्रोग्राम मिसोप्रोस्टोल योनि या जीभ के नीचे रखकर
- प्रत्येक 3-12 घंटे में 3 खुराक तक


नोट: https://www.who.int/reproductivehealth/publications/medical-management-abortion/en/

संदर्भ: सुरक्षित गर्भपात के लिए क्लिनिकल प्रैक्टिस हैंडबुक। विश्व स्वास्थ्य संगठन। 2014

औषधीय /चिकित्सकीय (मेडिकल) गर्भ समापन / गर्भपात पर अधिक संसाधनों के लिए, निम्न देखें:

- Safe abortion: Technical Policy a guidance for health systems विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा।
- Women on Web
- Medical Abortion आईबिस प्रजनन स्वास्थ्य और कैम्ब्रिज प्रजनन स्वास्थ्य कंसल्टेंट्स द्वारा
- Medical Abortion: An Overview गायन्यूटी स्वस्थ्य प्रोजेक्ट्स द्वारा

# (मेडिकल) गर्भ समापन फैक्टशीट



asap
Asia Safe Abortion Partnership

asap-asia.org

@AsiaSafeAbortionPartnership

@AsapAsia

@SafeAbortion_Asap